प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

16 फरवरी 2026

भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर ने 16 फरवरी 2026 को मुंबई में चुनिंदा एमएसएमई और एमएसएमई संघों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की

भारतीय रिज़र्व बैंक की हितधारकों के साथ सतत सहयोग के एक भाग के रूप में, गवर्नर ने आज, मुंबई में चुनिंदा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) और एमएसएमई संघों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

उप गवर्नर, श्री टी रबी शंकर, श्री स्वामीनाथन जे और श्री एस सी मुर्मू, तथा रिज़र्व बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने इस बैठक में भाग लिया।

अपने वक्तव्य में, गवर्नर ने भारत के आर्थिक परिदृश्य में एमएसएमई क्षेत्र, जिसका जीडीपी, निर्यात और आजीविका के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान है, की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि एमएसएमई के लिए समय पर और पर्याप्त औपचारिक ऋण की उपलब्धता को बढ़ाना, रिज़र्व बैंक की प्रमुख नीतिगत प्राथमिकता है। उन्होंने भारत सरकार और रिज़र्व बैंक द्वारा इस क्षेत्र के लिए किए गए कई नीतिगत एवं विनियामकीय प्रयासों को भी रेखांकित किया। उन्होंने एमएसएमई को औपचारिकता प्राप्त करने, ऋण अनुशासन बनाए रखने और अपनी दीर्घकालिक आघात-सहनीयता एवं प्रतिस्पर्धात्मकता के निर्माण के लिए डिजिटल भुगतान अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया।

संवादात्मक सत्र के दौरान, प्रतिभागियों ने एमएसएमई क्षेत्र में ऋण प्रवाह से संबंधित नीतिगत मुद्दों और परिचालनगत चुनौतियों पर अपनी प्रतिक्रिया और सुझाव साझा किए।

(ब्रिज राज)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/2125